हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 9 मई 2025


तापमान

अधिकतम 37 .0 डिग्री
न्यूनतम 22 .2 डिग्री

11 पीपीपी का उद्देश्य पात्र परिवारों को लाभ दिलाना



12 एकजुटता और सेवा की भावना से कार्य कर रही रेडक्रॉस




## खबर संक्षेप

### दिल्ली-रेवाड़ी पेसेंजर ट्रेन से एलईडी टीवी चोरी

**रेवाड़ी।** गांव अहीर भगोला जिला अलवर राजस्थान निवासी विपिन यादव ने बताया कि वह दिल्ली अस्पताल में काम करता है। मंगलवार सुबह वह अपने घर जाने के लिए दिल्ली कैंट से पेसेंजर ट्रेन में बैठा था तथा उसके सामने की सीट पर एक लड़का भी बैठा था। उसने अपना एलईडी टीवी सीट के नीचे रखा था। जब वह कुंभावास रेलवे स्टेशन पर पहुंचा तो उसकी आंख लग गई। जब ट्रेन रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो उसकी आंख खुली। उसने सीट में नीचे देखा तो एलईडी टीवी गायब थी तथा सामने की सीट पर बैठा लड़का भी गायब था। काफी तलाश करने पर जब उसे एलईडी नहीं मिली।

### जोधपुर-दिल्ली ट्रेन से आभूषणों का बैग चोरी

**रेवाड़ी।** जोधपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस ट्रेन से युवक का ट्राली बैग चोरी हो गया। बैग में सोने के आभूषण व कपड़े सहित अन्य सामान था। जीआरपी ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कृष्णापुरी मुरादाबाद यूपी निवासी गौरव शर्मा ने जीआरपी को बताया कि वह जोधपुर से दिल्ली की ट्रेन में ट्रेन जा रहा था। जब ट्रेन रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पहुंची तो वह नींद में था। तभी कोई अनजान व्यक्ति आया और उसका ट्राली बैग उठाकर ले गया। बैग में सोने की चेन, 2 सोने की अंगूठी व कपड़े सहित अन्य सामान था

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से व्यक्ति घायल

**धारूहेड़ा।** गांव बाघोरा जिला अलवर राजस्थान निवासी पकंज ने बताया कि वर्तमान में वह गांव जड़थल में रह रहा है। 2 मई को वह अपने मामा सुखविंदर सिंह के साथ नंदरामपुर बास में सामान लेने के लिए गया था। जब वापस लौटते समय वे जड़थल रोड पर थे तो एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने अचानक साइल ली, जिससे उसका पैर ट्रैक्टर के पीछे जुड़े हुए टिलर में फंस गया और वह काफी दूर तक घसीटता चला गया। दुर्घटना में उसे काफी चोटें आई। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

### मोटर के साथ रखी केबल काट ले गए चोर

**जाटूसाना।** गांव बोहतवास भोंदू से चोर सोलर सिस्टम की केबल चोरी कर ले गए। गांव निवासी रविन्द्र कुमार ने बताया कि उसकी सोलर मोटर खराब हो गई थी। 29 अप्रैल को उसने मोटर ठीक कराने के लिए केबल सहित बाहर निकाल कर रखी थी। मोटर कंपनी की ओर से ठीक की जानी थी। 6 मई की रात को चोर मोटर के साथ रखी करीब 200 फीट केबल काटकर ले गए। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज किया है।

### मकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी, केस दर्ज

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा क्षेत्र के गांव तीतरपुर खलियावास में घर के बाहर से बाइक चोरी हो गई। धारूहेड़ा थाना पुलिस को दी शिकायत में यश ने बताया कि उसने 7 मई को अलसुबह 3:30 बजे करीब अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी की थी, जिसे कोई अज्ञात चोरी करके ले गया।

### वैगनआर की टक्कर से ऑटो सवार युवक घायल

**धारूहेड़ा।** सोहना रोड महेश्वरी के पास एक तेज रफ्तार कार ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो में सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दिल्ली निवासी नरेश कुमार ने बताया कि उसका छोटा भाई कांतिचन्द अपनी मां को देखने अलवर गया था। 6 मई को वह भिवाड़ी उतरकर ऑटो से बस स्टैंड जा रहा था। जब वह सोहना रोड महेश्वरी में कौशिक अस्पताल के पास पहुंचा तो सामने से एक तेज रफ्तार वैगनआर ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे उसे काफी चोटें आई। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे भिवाड़ी अस्पताल में दाखिल कराया।

## वन विभाग ने विभिन्न प्रजातियों के 261500 बड़े व 417000 छोटे पौधे किए तैयार

# मानसून में हरियाली के लिए वन विभाग की सात नर्सरियां तैयार, 6.78 लाख पौधे किए जाएंगे रोपित

### एक जुलाई से शुरू होगा वितरण और रोपण का कार्य

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी

- नर्सरियों में लाखों की संख्या में पौध तैयार



रेवाड़ी। दिल्ली रोड नर्सरी में तैयार किए गए पौधे। फोटो : हरिभूमि

जिले में प्रति वर्ष वन विभाग की ओर से लाखों पौधे लगाए व वितरित किए जाते हैं। यह कार्य मानसून आने पर एक जुलाई से शुरू हो जाएगा।

हर साल सड़क बनाने व भवनों के निर्माण में काफी तदाद में पौधे काट दिए जाते हैं। मानसून में लगाए गए काफी पौधे पेड़ बनने से पहले देखरेख के अभाव में नष्ट भी हो जाते हैं। आज के समय जलवायु परिवर्तन, जंगलों की कटाई, प्रदूषण व प्लास्टिक के कारण लगातार खराब होता वातावरण लोगों के लिए खतरा बना हुआ है।

ऐसे में वन विभाग लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित कर रहा है। इस बार जिले की 7 नर्सरियों में विभिन्न प्रजातियों के 261500 बडे व 417000 छोटे पौधे सहित कुल 6 लाख 78 हजार 500 पौधे तैयार किए गए है। वन विभाग की ओर से सरकारी स्थानों, नहर, जोहड़, पंचायती क्षेत्र, अरावली क्षेत्र, श्मशान घाट व सड़कों के किनारे स्वयं पौधे लगाए जाते है। विभाग की ओर से पौधगिरी के तरह सरकारी व प्राइवेट स्कूलों, कॉलेजों, पंचायत, किसानों व संस्थाओं को फ्री दिए जाते है ताकि प्रत्येक आदमी पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे सकें।

#### इन किस्मों के पौधे तैयार

वन विभाग की ओर से सरकारी नर्सरियों में ज्यादातर फलदार, फूलदार, छायादार व औषधीय पौधे तैयार किए जाते हैं। विभाग की ओर से नर्सरियों में आम, अर्जुन, बड़, पीपल, गुलर, शीशम, जामुन, सिब्बल, कचनार, आवंला, नीम, गुलमोहर, बरना, करसांगवान, कदम, बेलपत्र, कजलिया, कलसटोनिया, पहाड़ी पापड़ी, तिलखन, सिल्वरओक, इमली, जरखंड़ा, दालमौठ, कडीपत्ता, अशोका, पपीता, पारस पीपल, बेरी, सुहाजना, रीठा, जाल, चंड, तुलसी, चांदनी, गुड़हल, जंगल जलेबी, सीताफल,रोंज, खैरी, उत्रनजीवा, नींबू, अमलतास, लेसुआ, बहेड़ा, जांटी, सिंदूरी,चांदरोल, सालर, हिंगोठ, चंपा-चांदीनी, बांस, ऐलो वेरा च मनी प्लांट सहित कई अन्य प्रजातियों के पौधे तैयार किए गए है। वन विभाग की दिल्ली रोड जेएलएन नहर के पास, मनेठी, बावल, शहबाजपुर, नाहड़, गुड़यिानी व बेरली सहित 7 नर्सरियां है।

इन नर्सरियों में 261500 बडे व 417000 छोटे पौधे तैयार किए गए है। रेवाड़ी रेंज की दिल्ली रोड, नर्सरी में 1 लाख 25 हजार छोटे व एक लाख बड़े पौधे तैयार किए गए है। मनेठी नर्सरी में 60 हजार छोटे व 68 हजार बड़े, नाहड नर्सरी में 57000 छोटे च 23000 बड़े, गुड़यिानी नर्सरी में 11000 छोटे व 8500 बड़े, बेरली नर्सरी में 26000 छोटे व 10000 बड़े, बावल नर्सरी में 47000 छोटे व 24000 बड़े तथा शहबाजपुर नर्सरी में 91000 छोटे व 28000 बड़े पेड़ों की पौध तैयार की गई है।

#### विभाग का वन्य क्षेत्र

जिले में वन विभाग के पास पौधे लगाने के लिए करीब 4935 हेक्टेयर का एरिया है, जिसमें 4240.5 हेक्टेयर अरावली क्षेत्र, 1528.20 हेक्टेयर वन व सड़कों के किनारे, 269.64 हेक्टेयर रेलवे का एरिया, 117.51 हेक्टेयर मसानी बैराज जैसे बांधों का एरिया, 1322.65 हेक्टेयर नहर के पास, 970.54 हेक्टेयर सेक्शन 4 व 5 के खोल, सीहा, मसीत व दीदौली का एरिया तथा 389.53 रिजर्व फोरेस्ट में नांधा व झाबुआ का एरिया है।

#### पर्यावरण सरंक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य



प्रति वर्ष देखरेख के अभाव में काफी पौधे नष्ट हो जाते है। लोगों को अपने लगाए पौधों की पेड़ बनने देखभाल करनी चाहिए। पर्यावरण सरंक्षण करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। मानसून के आने पर नर्सरी से लाखों पौधे फ्री वितरित किए जाते है। बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम के लिए लोग अधिक से अधिक पौधे लगाकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

\- **संदीप कुमार**, आरएफओ, रेवाड़ी रेंज।

## लघु उद्योग भारती की बैठक में महिला इकाई गठन को मिला प्रोत्साहन

- देवी अहिल्या होलकर की जीवनी पर सारगर्भित व्याख्यान दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित लघु उद्योग भारती के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

लघु उद्योग भारती की बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी कार्यक्रमों व जन-संपर्क गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय डाटा ने की। बैठक में राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से दक्षिण हरियाणा में सेमिनार आयोजन के लिए दिए गए दायित्व पर चर्चा करते हुए विषय-वस्तु व रूपरेखा को अंतिम रूप देने तथा जिम्मेदारियों के वितरण पर निर्णय लिया गया। लोकमाता पुण्यश्लोका अहिल्या देवी होलकर के त्रिशताब्दी जन्मोत्सव को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार की रणनीति पर विचार हुआ। सीए निधि गौतम ने देवी अहिल्या की जीवनी पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। बैठक में बावल इकाई के गठन को लेकर विशेष चर्चा हुई। महिला इकाई के गठन पर विचार करते हुए मीनाक्षी गुप्ता, रजनी गुप्ता एवं संगीता ने महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया।

बैठक में जिला संरक्षक अमित यादव, सुधीर चौधरी, महासचिव राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेश गोयल, वनवासी कल्याण आश्रम के महासचिव अनिल गंजू, आदि सदस्य उपस्थित थे।

## सौरव हत्याकांड का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- इसी के इशारे पर उतारा था मौत के घाट

सीआईए ने गत 23 अप्रैल की रात की गई नांगल जमालपुर निवासी सौरव हत्याकांड के तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसी आरोपी के इशारे पर सौरव को कर्मबीर और हेमंत ने मौत घाट उतारने के बाद शव जोहड़ में डाला था। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद एक दिन के रिमांड पर लिया है।

गत 24 अप्रैल को पुलिस को गांव फिदेड़ी के जोहड़ में एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया था। मौके पर सीन ऑफ क्राइम टीम को बुलाया गया था। शव की शिनाख्त उसके परिजनों द्वारा करवाई गई तो युवक की पहचान नांगल जमालपुर निवासी 19 वर्षीय सौरव पुत्र बलजीत के रूप में हुई थी।

नांगल जमालपुर निवासी बलजीत सिंह ने बताया था कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। उसके एक बेटा और दो बेटियां है। सबसे बड़ा बेटा



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में सौरव मर्डर का आरोपी।

19 साल का सौरव है जो बारहवीं पास करने के बाद पढाई छोड कर कंपनी में काम के लिए चार-पांच दिन पहले ही घर से गया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा था। इसी दौरान 24 अप्रैल को उसे सूचना मिली की सौरव की नाश फीदेड़ी गांव के जोहड़ में मिली है। मृतक के पिता ने उसके कुछ दोस्तों पर ही हत्या का संदेह जाहिर किया था। जिस पुलिस पर मृतक के पिता बलजीत सिंह के बयान पर थाना सदर रेवाड़ी में हत्या का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त दो आरोपी गांव सीहा निवासी कर्मवीर व गांव तुर्कियावास निवासी हेमंत को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

#### दीपक निकालना चाहता था कांटा

घटना के दिन सौरव अपने दोस्त के घर गांव हांसाका में ठहरा हुआ था। सौरव की आरोपी कर्मबीर से पहले से ही जान पहचान थी। आरोपी कर्मबीर ने अपने साथी बुड़ानी निवासी दीपक लाम्बा के कहने पर रंजिश रखते हुए अपने साथी हेमंत के साथ मिलकर सौरव की हत्या की थी। आरोपी कर्मवीर व हेमंत ने सौरव से फोन पर सम्पर्क करके उसको गांव से बाहर बुलाया था और फिर शराब पार्टी के बहाने उसे खेतो में लेकर चले गए। शराब पिलाने के बाद आरोपियों ने सौरव की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। सीआईए ने दीपक लाम्बा को भी गिरफ्तार कर लिया।

## रुस्तगी सभा के प्रधान पद का चुनाव 11 को

**रेवाड़ी।** 11 मई को रुस्तगी सभा के सदस्य चुनाव में प्रधान का चयन करेंगे। इस प्रक्रिया में अगर एक ही उम्मीदवार होता है तो सर्वसहमति से प्रधान चुना जाएगा और यदि एक से ज्यादा उम्मीदवार होंगे तो वोटिंग के जरिये प्रधान पद का चुनाव होगा।

हरीशंकर रुस्तगी, हरिदत्त रुस्तगी व युगल किशोर रुस्तगी चुनाव अधिकारी होंगे। यह चुनाव रुस्तगी सभा में आने वाले सभी रुस्तगी परिवार का होगा। चुनाव में रेवाड़ी, बावल, नांगल, संगवाड़ी, डूंगरवास, खटावली, बुढाना, धारूहेडा व नंदरामपुर बास के सभी रुस्तगी परिवार शामिल होंगे। कुलदीप रुस्तगी ने बताया कि चुनाव की प्रक्रिया रविवार को शाम 4 बजे मॉडल टाउन स्थित राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित की जाएगी। उन्होंने रुस्तगी समाज के लोगों से समाज के उत्थान के लिए चुनाव में भाग लेकर एकजुटता दिखाने की अपील की है।

## सोशल मीडिया पर सावधानी व सतर्कता बरतें : मुकेश

- राजकीय विद्यालय श्योराज माजरा में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचने के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक फुल कुमार की टीम की ओर से गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल श्योराज माजरा में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

साइबर विशेषज्ञ एएसआई मुकेश कुमार ने कहा कि कि आज के समय साइबर अपराध चरम पर है तथा



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए साइबर थाना टीम। फोटो : हरिभूमि

आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। इन्हें रोकने के लिए सभी को जागरूक होने की जरूरत है। साइबर अपराध से बचने के लिए सभी को समझना होगा कि साइबर अपराध करने वाले लोग बड़े ही चालाक किस्म के होते हैं। जिले में साइबर क्राइम थाना, साइबर सैल और साइबर हेल्प डेस्क गठित है, जो लगातार इस दिशा में काम रही है, लेकिन इसके लिए सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म पर सावधानी और सतर्कता के साथ प्रयोग करना जरूरी है। उन्होंने साइबर क्राइम से संबंधित संचार साथी पोर्टल तथा टेफको पोर्टल के बारे में जानकारी दी, जिसमें अपना फोन नंबर डालकर पता लगाया जा सकता है कि एक आदमी के नाम से कितने सिम जारी हुई है। अगर कोई सिम आपने जारी नहीं कराई है तो उसे पोर्टल पर रिपोर्ट करके बंद करा सकते हैं।

साइबर विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों को आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम ऑनलाइन वित्तीय ठगी से बचाव, फेसबुक हैकिंग, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्रॉड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी।

## आईटीआई कुंड - मनेठी में रोजगार व शिक्षुता मेला आज

**रेवाड़ी।** बेरोजगार युवाओं के लिए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुंड-मनेठी में 9 मई को विशाल रोजगार एवं शिक्षुता मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में पिछले तीन वर्षों में आईटीआई इंजीनियरिंग या नॉन-इंजीनियरिंग ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त या पास आउट छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं।


आईटीआई कुंड के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने बताया कि रोजगार मेला सुबह 9 बजे शुरू किया जाएगा। मेले में बावल, धारूहेड़ा, घिलोठ व रेवाड़ी जैसे अनेक औद्योगिक क्षेत्रों की नामी कंपनियां भाग लेंगी और योग्य छात्रों का चयन करेंगी। रोजगार मेले में छात्र-छात्राएं अपनी पसंद की कंपनी का चयन करके रोजगार एवं शिक्षुता का अवसर पर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मेले का आयोजन बेरोजगार आईटीआई अपेयरिंग व पास शुदा युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए किया जा रहा है।

## दोपहर तक उमस भरी गर्मी ने लोगों को जमकर किया परेशान

# कई इलाकों में बूदांबादी से मिली आंशिक राहत

- कई विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम बार-बार ले रहा है करवट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। वीरवार देर शाम आसमान में छाए बरसात के बादल। फोटो : हरिभूमि

एक साथ कई विक्षोभ सक्रिय होने से लगभग एक सप्ताह से मौसम बार-बार करवट ले रहा है। कभी तेज धूप खिलने से उमस भरी गर्मी परेशान करने लगती है, तो कभी आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी मौसम को खुशगवार बना देती है। सूरज और बादलों के बीच लुकाछिपी का खेल चल रहा है।

13 मई के बाद मौसम साफ होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम साफ होने के बाद तापमान में तेजी से वृद्धि होने की संभावना है। वीरवार को सुबह के समय आसमान में आंशिक बादल रहे। दोपहर तक मौसम साफ होते ही तेज धूप खिली, जिससे उमस बन गई। अधिकतम तापमान 0.6 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 37.0 डिग्री पर पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर रहा। गत 28 अप्रैल को तापमान 42 डिग्री के पार पहुंच गया था। इसके बाद गर्म हवाओं ने जमकर परेशान करना शुरू कर दिया था। इसके बाद से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जाती रही है। मई का पहला सप्ताह अपेक्षाकृत ठंडा बीता है। गत वर्ष तापमान 40 डिग्री से ज्यादा रहने के कारण गर्म हवाओं ने लोगों को जमकर परेशान किया था। इस बार भारी गर्मी और लू से लोगों को राहत मिली हुई है। मौसम विभाग के अनुसार 13 मई तक मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है। बादलों के बीच तेज हवाओं के साथ हल्की बरसात या बूंदाबांदी हो सकती है। इसके बाद बाद आसमान साफ हो जाएगा। मौसम साफ होते ही तापमान में वृद्धि के साथ हीटवेव का प्रकोप शुरू हो सकता है।

#### पावर कटों से निजात

पावर कटों से मिल रही राहत

अप्रैल माह के अंत में भारी गर्मी के कारण बिजली की खपत बढ़ गई थी। जिले में लगभग 70 लाख यूनिट तक बिजली की मांग पहुंच गई थी। आपूर्ति में कमी के कारण बिजली निगम ने पीक अवर्स में कट लगाने शुरू कर दिए थे। बारी-बार से जगमग योजना के फीडरों पर भी आधे घंटे तक के कट लगाए जा रहे थे। मौसम में बदलाव के बाद बिजली की खपत 10 लाख यूनिट तक कम हो गई, जिससे अभी तक लोगों को पावर कटों से निजात मिली हुई है। लाइनों में आने वाले फॉल्ट के कारण कटों जरूर लग रहे हैं।

## अजय नगर में लगाया आयुष्मान कार्ड शिविर



रेवाड़ी। शिविर में आयुष्मान कार्ड बनवाते हुए लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वार्ड नंबर-27 के अजय नगर स्थित लोको शिव मंदिर में नगर पार्षद सुमन खरेरा की ओर से आभा आईडी व आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए दो दिवसीय शिविर लगाया गया। पार्षद प्रतिनिधि सुरेश कुमार बंटी ने शिविर में लोगों को आयुष्मान कार्ड से मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। शिविर में करीब 3500 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूरी की गई।

इस मौके पर बीएलओ आशा, सविता, सुनीता रामसिंहपुरा, पीएचसी कुतुबपुर से पवन यादव व पूनम यादव सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

खबर संक्षेप

## कबाड़ की दुकान में अवैध शराब बेचने वाला काबू

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 धारूहेड़ा थाना पुलिस ने एनएस-48 के सर्विस रोड पर मालपुरा के पास से एक आरोपी को अवैध शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सर्विस रोड पर कबाड़ी की दुकान के कोने में अवैध शराब बेच रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके से आरोपी मुस्ताक अली निवासी बेहटा बुजुर्ग थाना बिशारतगंज जिला बरेली यूपी को काबू कर लिया। पुलिस ने दुकान में रखे कबाड़ को चैक किया तो 12 बोतल देशी शराब, 40 अध्धे देशी शराब, 36 पव्वे देशी शराब व 32 पव्वे अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को काबू करने के बाद एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## ट्रैफिक ब्लॉक से प्रभावित ट्रेनों का संचालन शुरू

**कोसली।** रेवाड़ी-हिसार रेलखंड के मानहेरू एवं भिवानी जंक्शन स्टेशनों के मध्य ट्रैफिक ब्लॉक के कारण प्रभावित रेल यातायात वीरवार से पुनः शुरू होने लगा है। कोसली रेलवे स्टेशन अधीक्षक महेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि रेल प्रशासन ने बुधवार तक परिवर्तित मार्ग पर चलाई जा रही गाड़ी संख्या 14029 श्रीगंगानगर दिल्ली व गाड़ी संख्या 14030 मेरठ कैंट-श्रीगंगानगर रेलसेवा को वीरवार से पुनः वाया रेवाड़ी शुरू कर दिया। इसके अलावा 7 मई तक रद की गई गाड़ी संख्या 14734 जयपुर भटिंडा व गाड़ी संख्या 14715 हिसार-जयपुर रेलसेवा भी वीरवार को शुरू हो गई।

## यादव कल्याण सभा का चिकित्सा शिविर 11 को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 11 मई को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। सभा के प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. रवि राव मेडिसिन, डा. सिद्धार्थ यादव हड्डीरोग, डा. पवन यादव न्यूरो सर्जरी, डा. योगेन्द्र यादव चर्मरोग व डा. विदुला यादव नेत्ररोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी की सेवाओं के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## घर से कॉलेज की कहकर लापता हो गई युवती

**रेवाड़ी।** क्षेत्र के गांव से करीब वर्षीय युवती लापता हो गई। युवती के पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी 6 मई को सुबह 11:30 बजे करीब शहर के एक कॉलेज का नाम लेकर गई थी। इसके बाद से वह घर नहीं लौटी। उसने आरोप लगाया कि उसकी बेटी को बधराणा निवासी अमन अपने साथ ले गया है। उसी ने उसकी बेटी को छुपाकर रखा हुआ है। रामपुरा थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवती व आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए है।

## शिक्षा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन डा. यादव को मातृ शोक

**रेवाड़ी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन व सनग्लो इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डा. वीपी यादव की मां कविता देवी का वीरवार को 77 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दोपहर बाद शहर के सोलहराही स्थित श्मशान घाट में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में शहर के सामाजिक संगठनों व स्कूलों के संचालकों सहित अनेक लोग शामिल हुए।



## जिम में युवक पर हमला धमकी देकर हुए फरार

**बावल।** गांव पातुहेड़ा निवासी संदीप ने बताया कि वह 6 मई शाम को अपने दोस्त विकास के साथ बावल स्थित फास्ट फिटनेस जिम में एक्सरसाइज कर रहा था। तभी गिल्लू उर्फ कमल, जेसीबी उर्फ सतीश, काला उर्फ अभय तथा सहीराम उर्फ झोटो लाठी-डंडे व हथियार लेकर पहुंच गए और उस पर हमला कर दिया। चारों ने मिलकर उसके साथ बुरी तरह मारपीट की तथा उसकी जेब से दो हजार रुपए छीन लिए। इसके बाद चारों स्कॉर्पियों में फरार हो गए। आरोपियों ने उसके दोस्त विकास को भी चोटें पहुंचाई।

# पीपीपी का उद्देश्य पात्र परिवारों को सभी सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ दिलाना : डा. खोला

## राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धारूहेड़ा में कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धारूहेड़ा में पीपीपी कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य शकुंतला की अध्यक्षता व एपीसी सुंदर सिंह के संयोजन में नौवीं से बारहवीं के सैकड़ों विद्यार्थियों ने कार्यशाला में फैमिली आईडी की जानकारी हासिल की।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता पीपीपी के स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला थे। उन्होंने कहा कि अंत्योदय की भावना से शुरू की गई पीपीपी राज्य सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य पात्र परिवारों को सभी सरकारी कल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ दिलाना है। परिवार पहचान-पत्र की योजना बनाने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। अन्य प्रदेश भी हरियाणा का अनुशरण कर रहे है, पिछले महीने से उत्तराखंड राज्य ने भी फैमिली आईडी शुरू की है, यह योजना जल्द ही पूरे देश में लागू हो सकती है। डा. खोला ने कहा विद्यालयों व महाविद्यालयों में प्रवेश से जोड़ने के बाद पीपीपी में छात्रों के डाटा का स्वतः सत्यापन किया गया। इसके साथ ही अब छात्रों को अपने सत्यापन कार्य के लिए इधर-उधर जाने की जरूरत नहीं पड़ती, अब पीपीपी के जरिये सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी तरह पारदर्शिता आएगी।



### फैमिली आईडी के बारे में दी जानकारी

डा. खोला ने विद्यार्थियों को मोबाइल लिंक से फैमिली आईडी को खोलने, उसमें करेक्शन करने व योजनाओं का लाभ लेने जैसी प्रक्रिया को आसान भाषा में समझाया। एपीसी सुंदर सिंह ने कहा दूसरे प्रदेशों के अप्रवासी विद्यार्थियों को अस्थायी आईडी दी गई है ताकि हरियाणा में उनको शिक्षा प्राप्त करने में कोई बाधा न आए। कार्यक्रम में नगर पार्षद राहुल जोशी व ईश्वर मुकदम सहित स्कूल के सभी अध्यापक मौजूद थे। प्रधानाचार्य शकुंतला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## जयसिंहपुर खेड़ा से चोरी हुआ ट्राला नूंह से बरामद

**बावल।** दिल्ली-जयुपर हाइवे स्थित जयसिंहपुर खेड़ा के पेट्रोल पंप से ट्राला चोरी हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने ट्राले को जीपीएस के आधार पर नूंह के गांव से बरामद भी कर लिया। गांव जलियावास निवासी सुखबीर ने बावल थाना पुलिस को बताया कि उसने 3 मई मध्यरात्रि को जयसिंहपुर खेड़ा स्थित अश्वनी अखिलेश पेट्रोल पंप पर ट्राला खड़ा किया था, जिस पर कोई चालक नहीं था। वह बार-बार गाड़ी की जीपीएस लोकेशन चैक कर रहा था।

जब उसने रात 2 बजे करीब जीपीएस चैक किया तो ट्राले की लोकेशन पंचगांवा से तावडू रोड की आ रही थी। इसके बाद जीपीएस बंद हो गया, लेकिन गाड़ी की माईनिंग का जीपीएस चालू था। उसने तुरंत डायल-112 पर फोन किया। पुलिस लोकेशन के आधार पर पहुंची तो गाड़ी मालब गांव जिला नूंह के पास पेट्रोल पंप पर खड़ी मिली। पुलिस ने ट्राले को बरामद कर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कराया अभ्यास

- विवेकानंद पब्लिक स्कूल लाखनौर में की मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

विवेकानंद पब्लिक स्कूल लाखनौर में मॉक ड्रिल करके विद्यार्थियों को अभ्यास कराया गया। विद्यार्थियों ने आपातकालीन स्थिति में खुद को सुरक्षित रखने का व अपने आसपास के लोगों की सहायता करने का अभ्यास किया।

प्राचार्या ने विद्यार्थियों को युद्ध जैसी परिस्थिति में अपना और दूसरों का बचाव करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लंबा सायरन खतरे की चेतावनी देता है और छोटा सायरन सामान्य स्थिति का संकेत देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को ब्लैक आउट से भी अवगत कराया। विद्यालय के निदेशक एडवोकेट सुधीर यादव ने सभी को आपातकाल के समय घर के अंदर रहने और यदि बाहर हैं तो अपनी व दूसरों की सहायता करने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि युद्ध जैसी स्थिति में घबराने की बजाय सतर्कता से अपना व अपने परिजनों को सुरक्षित रखना चाहिए। उन्होंने भारतीय सेना की ओर से सफलतापूर्वक किए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा की तथा सेना के जवानों के शौर्य और पराक्रम को सलाम किया। इस मौके पर सभी शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।



रेवाड़ी। विवेकानंद स्कूल में मॉक ड्रिल करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# कंवाली स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ियों के लिए एस्ट्रोटर्फ बिछवाने का किया अनुरोध

- कोसली के विधायक यादव ने की खेलमंत्री से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली के विधायक अनिल यादव ने खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम से चंडीगढ़ में मुलाकात कर गांव कंवाली के स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ियों की सुविधा के लिए एस्ट्रोटर्फ बिछवाने का अनुरोध किया।

एस्ट्रोटर्फ एक प्रकार का कृत्रिम फाइबर है, जिसका उपयोग कुछ खेल मैदानों पर घास के बजाया किया जाता है। खेल राज्य मंत्री ने मांग को स्वीकार कर लिया है और जल्दी ही कंवाली स्टेडियम में हाकी एस्ट्रोटर्फ बिछाने का कार्य शुरू हो जाएगा, जिससे गांव कंवाली व आसपास के हॉकी खिलाड़ियों को अत्याधुनिक खेल सुविधा का लाभ मिल सकेगा। विधायक ने कहा कि कोसली विधानसभा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है।

इस क्षेत्र में खेल सुविधाओं में इजाफा करने के लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी ग्रामीण खेल स्टेडियमों में पर्याप्त खेल उपकरण तथा प्रशिक्षकों की उपलब्धि पर प्रयास किया जा रहा है।



रेवाड़ी। खेल राज्य मंत्री गौरव से मुलाकात करते विधायक अनिल यादव।

# नाहड़ से कोसली रेलवे स्टेशन तक ऑटो किराया 10 रुपये तय किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

नाहड़ के ग्रामीणों एवं ऑटो चालकों की बैठक वीरवार को नाहड़ पुलिस चौकी में आयोजित हुई। बैठक में आपसी सहमति से किराया कम करने का निर्णय किया गया।

ऑटो चालकों की ओर से करोना काल से नाहड़ से कोसली रेलवे स्टेशन के बीच की 6 किलोमीटर दूरी का किराया 20 रुपए प्रति सवारी लिया जा रहा था, जबकि हरियाणा रोडवेज बस का नाहड़ से कोसली तक किराया मात्र 5 रुपए प्रति सवारी लिया जाता है। ग्रामीणों ने ऑटो चालकों की ओर अधिक किराया वसूलने की शिकायत पुलिस अधीक्षक को दी थी। पुलिस चौकी नाहड़ में ऑटो चालकों और ग्रामीणों की बैठक में विचार विमर्श कर यह सहमति बनी कि नाहड़ से कोसली रेलवे स्टेशन तक का किराया केवल 10 रुपए प्रति सवारी ही लिया जाएगा। इस अवसर पर प्रेमप्रकाश नाहड़, बलबीर सिंह, ओमप्रकाश शेखावत, गिरवर सिंह, अशोक कुमार, सुमेर सिंह, उमेद सिंह, कृष्ण कुमार, सोनू, आदि उपस्थित थे।

# श्रद्धालुओं ने धूमधाम से मनाया मोहिनी एकादशी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- श्रद्धालुओं ने शहर के मंदिरों में भगवान विष्णु और लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की

वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को मोहिनी एकादशी भी कहा जाता है। वीरवार को श्रद्धालुओं ने शहर के मंदिरों में भगवान विष्णु व लक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर एकादशी के पर्व को धूमधाम से मनाया।

मोहिनी एकादशी को सभी एकादशी तिथि में विशेष माना गया है। श्रद्धालुओं ने दैनिक कार्यों से निवृत होकर व्रत रखकर भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की विधि-विधान के अनुसार पूजा-अर्चना की। मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री ने कहा कि मोहिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु ने समुद्र मंथन के दौरान निकले अमृत कलश को असुरों से बचाने के लिए मोहिनी अवतार धारण किया था, इसलिए इसे मोहिनी एकादशी कहा जाता है। उनका कहना है कि मोहिनी एकादशी का व्रत करने वाले श्रद्धालुओं को मोह के बंधन से दूर होने और मोक्ष पाने में मदद मिलती है। मनुष्य सभी पापों से मुक्त हो जाता है। व्रत रखने या मोहिनी एकादशी की कथा सुनने से एक हजार गायों के दान के बराबर पुण्य की प्राप्ति होती है।

# नियति पाठशाला में बच्चों के साथ मनाया कान्हा जी का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कर्मसेतु फाउंडेशन की ओर से संचालित नियति पाठशाला सेक्टर-4 में वीरवार को प्रिया गोयल ने बच्चों के साथ कान्हा जी का जन्मदिन मनाया। फाउंडेशन के निदेशक सुरेंद्र सिंह ने कहा कि पाठशाला में भक्ति और प्रेम की अनूठी पहल मिसाल पेश की गई।

सभी ने कान्हा जी की भक्ति में लीन होकर भजनों का आनंद लिया। बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। प्रिया गोयल ने सभी से सामाजिक सरोकार के तहत जन्मदिन मानने की अपील की। इस मौके पर अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। बच्चों के साथ कान्हा जी का जन्मदिन मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

## अटेली और कनीना में जल्द ही शुरू होगी एफआरयू

**नारनौल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) पंचकूला के निदेशक (एमसीएच) डॉ. वीरेंद्र यादव ने वीरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अटेली व नारनौल में जिला नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता, अधोसंरचना एवं प्रबंधन व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई। साथ ही उन्होंने अटेली व कनीना में जल्द ही एफआरयू (फस्ट रेफरल यूनिट) शुरू करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अगले माह फिर से निरीक्षण करने की भी बात कही। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अटेली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को शीघ्र ही एफआरयू के रूप में सुसज्जित किया जाए।

# ट्रामा सेंटर तैयार, इस माह सीएम कर सकते हैं उद्घाटन!

## भवन स्वास्थ्य विभाग ने किया हैंडओवर, स्टाफ अप्रूवल का हो रहा इंतजार

- 27 दिसम्बर को शुभारम्भ होना था ,पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन से टल गया था पूरा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

ट्रामा सेंटर का शुभारंभ 18 मई को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कर सकते है। इसके लिए प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग से पत्राचार भी किया है। सूत्र बताते है कि इससे पहले ट्रामा सेंटर का शुभारंभ करने के लिए फाइल चली थी।

उसमें शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री के हाथों करने का प्रस्ताव था। यह फाइल सीएम हाउस में ठहर गई। चर्चा है कि फाइल आगे नहीं बढ़ने का कारण ट्रामा सेंटर का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री की बजाय मुख्यमंत्री के हाथों से होना है। इससे पहले ट्रामा सेंटर का शुभारंभ 27 दिसम्बर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हाथों करवाने का प्रशासन ने प्लान बनाया था। ऐन वक्त पर एक दिन पहले 26 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन हो गया। करीब चार माह पहले ट्रामा सेंटर भवन को पीडब्ल्यू एंड बीएंडआर विभाग ने स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर किया था। हालांकि अभी भी यहां स्टाफ नियुक्ति को लेकर अप्रूवल नहीं मिली है। इसके पीछे स्वास्थ्य विभाग का तर्क है कि उनके पास यहां स्टाफ की कमी नहीं है। आपको बताते चले कि वर्ष 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव की मांग पर नारनौल के नागरिक अस्पताल में ट्रामा सेंटर तथा 200 बैड का अस्पताल निर्माण करवाने की घोषणा की थी। फिर प्रदेश सरकार ने ट्रामा सेंटर के लिए लगभग 656.41 लाख रुपये की राशि मंजूर की। मगर इसका निर्माण तब कोरोना महामारी के चलते लगे लॉकडाउन में टेंडर प्रक्रिया नहीं हो सकी। बाद में स्थिति सामान्य होने पर न केवल पीडब्ल्यूडी ने ट्रामा सेंटर भवन का ड्राफ्ट तैयार किया, अपितु ड्राफ्ट स्वीकृत होने पर टेंडर प्रक्रिया भी पूरी की गई। भवन का निर्माण पीडब्ल्यूडी एंड बीएंडआर विभाग की निगरानी में किया गया, जो करीब दो साल पहले कर लिया गया था। इस संबंध में सीएमओ डॉ. अशोक कुमार से बताया कि ट्रामा सेंटर भवन पूरी तरह से तैयार है। हमारे यहां स्टाफ की कोई कमी नहीं है। हमारी तरफ से पूरी तैयारी है। हम सिर्फ शुभारंभ होने का इंतजार कर रहे है। प्रशासन से भी पत्र मिला है। संभावना है कि इसी माह मई में ट्रामा सेंटर का मुख्यमंत्री के हाथों शुभारंभ हो जाएगा।



नारनौल। ट्रामा सेंटर भवन। फोटो : हरिभूमि

## कोसली कोर्ट कैंपस में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कल

**कोसली।** कोसली कोर्ट कैंपस में 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दीवानी और फौजदारी, वित्तीय लेन-देन, पारिवारिक विवाद, मोटर व्हीकल एक्ट, बैंकिंग व बीमा सहित सभी प्रकार के मामलों का दोनों पक्षों की सहमति से निपटारा किया जाएगा।

लोक अदालत उपमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं एडिशनल सिविल जज सीनियर डिवीजन अशोक कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित की जाएगी, जिसमें सिविल जज जूनियर डिवीजन कुमारी निशा मामलों की सुनवाई करेंगी।

विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से अधिवक्ता विक्रम सिंह लोक अदालत में उपस्थित रहेंगे। एसीजे सीनियर डिवीजन अशोक कुमार ने बताया कि लोक अदालत में आम आदमी को त्वरित गति से न्याय मिलता है। सरल एवं सुलभ न्याय के लिए लोक अदालत एक श्रेष्ठ माध्यम है। इसका निर्णय अंतिम माना जाता है। इसलिए कोसली उपमंडल के नागरिकों को राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाना चाहिए।

## चयनितों की काउंसलिंग व डॉक्यूमेट वेरिफिकेशन 10 मई को होगा

# मिशन बुनियाद लेवल : तीन परीक्षा का परिणाम जारी 203 विद्यार्थियों को मिलेगा योजना का लाभ

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से मिशन बुनियाद योजना बनाई

- नौवीं व 10वीं के छात्रों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मिशन बुनियाद के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए चयनित हुए विद्यार्थियों की काउंसलिंग 10 मई को राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में होगी।

जिले के 203 चयनित विद्यार्थियों को योजना का लाभ दिया जाएगा। प्रदेश सरकार ने राजकीय विद्यालयों में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से मिशन बुनियाद योजना बनाई है। शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशानुसार 16 अप्रैल को जिले में मिशन बुनियाद लेवल-3 की परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसके तहत 203 विद्यार्थियों का चयन बुनियाद कार्यक्रम के लिए किया गया है। हरियाणा सरकार व विकल्प फाउंडेशन की ओर से चलाया जा रहे मिशन बुनियाद कार्यक्रम की शुरूआत वर्ष 2022 में की गई थी। पूरे हरियाणा मे शिक्षा विभाग की ओर से इस योजना के तहत नौवीं व 10वीं कक्षा के 5000 से अधिक विद्यार्थी 103 केंद्रों मे कुल 206 कक्षा केंद्र पर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मिशन बुनियाद के अंतर्गत नौवी व 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरूआत की गई है। इसका उद्देश्य बच्चों के बीच में एक स्वतंत्र, सकारात्मक और प्रतिस्पर्धी भावना बढ़ाना है। बुनियाद कार्यक्रम में बच्चों को निःशुल्क वर्दी, पाठ्य पुस्तकें, टैबलेट व बुनियाद सेंटर तक आने जाने के लिए भत्ता दिया जाता है। महेंद्रगढ़ जिले में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय नारनौल, महेंद्रगढ़, अटेली व कनीना को शिक्षा विभाग की ओर से बुनियाद केंद्र बनाया गया है।

### क्या कहते हैं जिला विज्ञान विशेषज्ञ

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविन्द्र कुमार ने बताया कि वर्तमान सत्र 2025-27 के लिए नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों के चयन हेतु खण्ड व जिला स्तर पर बुनियाद के तीनों लेवल की परीक्षाएं आयोजित की जा चुकी हैं। महेंद्रगढ़ जिले के 203 चयनित विद्यार्थियों की बुनियाद केंद्रों में दाखिले के लिए काउंसलिंग राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल में 10 मई को होगी। ये सभी विद्यार्थी इस समय नौवीं कक्षा में जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं।

### अधिकारियों को दिए निर्देश



संतोष कुमार

हरियाणा शिक्षा विभाग के आदेशानुसार सभी चयनित विद्यार्थियों के विद्यालय मुख्याओं को खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों का सभी जरूरी दस्तावेज संबंधित स्कूल से लेकर मिशन बुनियाद के काउंसलिंग प्रोग्राम में शामिल होना सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया जा चुका है।

*- संतोष कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी।*

### विद्यार्थियों को ये लेकर आना होगा

- विद्यार्थियों को अपना साथ स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट
- अपना और अभिभावकों का आधार कार्ड
- मिशन बुनियाद का लेवल-3 का परिणाम
- दो पासपोर्ट साइज फोटो
- परिवार पहचान पत्र।

**सूचना**

मैं, ओमप्रकाश पुत्र श्री मामचंद, नं 8009849 रैंक सिपाही निवासी ग्राम धनिया पो.आ.व तह साल्हावास जिला झज्जर हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे लड़के का नाम मेरे सर्विस रिकार्ड में राजेश व जन्म तिथि 15 मई 1974 दर्ज है। जबकि उसका सही व दुरुस्त नाम राकेश व सही जन्म तिथि 15.06.1975 है जो कि उसके दसवीं के सार्टिफिकेट, आधार कार्ड व पैन कार्ड में भी दर्ज है। दोनों नाम मेरे एक ही लड़के के हैं। यह सूचना मेरे सर्विस रिकार्ड में लड़के का सही नाम व जन्म तिथि दर्ज कराने के लिए है।

खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी काबू

रेवाड़ी। रामुपरा थाना पुलिस ने अवैध शराब बेचते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुतुबपुर निवासी गौरव उर्फ सुई रामपुरा मोड़ के पास गली में खाली जगह में अवैध शराब बेच रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने नाकेबंदी करते हुए गौरव को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद बोरी से 100 पव्वे देशी शराब व 24 अध्धे अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस पूछताछ में गौरव ने बताया कि वह गुलशन उर्फ लूचड़ी निवासी रामपुरा मोड कुतुबपुर के कहने पर अवैध शराब लाकर बेचता है, जिसकी एवज में गुलशन उसे दिन के 300 रुपये देता है। पुलिस ने आरोपी को काबू करने के बाद एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### चाय के खोखे पर शराब पिलाता संचालक काबू

रेवाड़ी। शहर थाना पुलिस ने राव तुलाराम पार्क के पास से चाय के खोखे पर शराब पिलाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि राव तुलाराम पार्क के पास सत्यपाल सिंह ने जय श्रीराम टी स्टाल के नाम खोखा खोला हुआ है तथा वह खोखे की आड़ में लोगों को शराब का सेवन करा रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति खोखे पर शराब पी रहा था। पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर जिले में अनेक जगह कार्यक्रमों का आयोजन

# एकजुटता, सहानुभूति और सेवा की भावना से कार्य कर रही है रेडक्रासः डॉ. दलबीर

- प्राथमिक उपचार व रक्तदान के बारे में किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

विश्व रेडक्रास दिवस पर जिले में अनेक जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कालका रोड स्थित आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज में वीरवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. दलबीर सिंह यादव ने की। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि आज का भारत एक संवेदनशील दौर से गुजर रहा है।

जहां एक ओर देश को बाहरी चुनौतियां मिल रही हैं, वहीं दूसरी ओर समाज को एकजुटता, सहानुभूति और सेवा की भावना की आवश्यकता है। रेडक्रॉस जैसी संस्थाएं इसी उद्देश्य को लेकर कार्य कर रही हैं। कॉलेज समन्वयक मिथलेश यादव ने रेडक्रॉस दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य युवाओं में सेवा, करुणा और आपदा प्रबंधन की भावना को जागृत करना है।






रेवाड़ी। कार्यक्रम में प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण देते ओमप्रकाश गांधी तथा आरडीएस कॉलेज में शपथ लेते शिक्षक व छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### रक्तदान की महत्ता से अवगत कराया

फाउंडेशन से श्रेया गुप्ता ने रक्तदान की महत्ता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कोई भी स्वस्थ नागरिक तीन माह में रक्त दान कर सकता है, जिससे दूसरों को जान बचाने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से लोगों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान एक मानवीय कार्य है। रक्तदान से हमारे शरीर को भी फायदा होता है। स्कूल निदेशक प्रीति बाउंटरा ने डा. सीमा धीर उपप्रधान रेडक्रास सोसायटी पंजाब, जिला रेडक्रास सोसायटी व फाउंडेशन का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्राचार्य ममता गौर, सुनीता यादव, हेमलता, दीपा हजारे, रचना, अनिता, सुधा, ट्विंकल, श्वेता महेश्वरी, राजवंती, श्वेता वत्स, दीपिका व निकिता उपस्थित थे।

उन्होंने युवाओं से रेडक्रॉस के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने और सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। इस अवसर पर छात्राओं ने सेवा ही हमारा धर्म है का संकल्प लेते हुए मानवता की सेवा का प्रण लिया। कार्यक्रम में युवा रेड क्रॉस समिति की सक्रिय सदस्य डा. बबिता, डा. चेतना तथा डा. पिंकी शर्मा भी मौजूद थी। कार्यक्रम का संचालन मिथलेश यादव ने किया।

### प्राथमिक चिकित्सा का दिया गया प्रशिक्षण

लावण्या फाउंडेशन की ओर से दिल्ली रोड स्थित ब्लिस स्कूल में जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रेडक्रॉस संस्थापक हेनरी डूनेंट को याद किया गया। कार्यक्रम में रक्तदान व प्राथमिक उपचार बारे जानकारी दी गई। फाउंडेशन की उप-प्रधान संगीता ने बताया कि रेडक्रॉस दिवस पर मानवतावादी संगठन और मानवता की मदद के लिए योगदान देने के लिए मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य रेडक्रॉस के सिद्धांतों को याद करना है, जो विश्व में असहाय, घायल, सैनिकों और नागरिकों की रक्षा के लिए कार्य करता है। संस्था की ओर से समय-समय पर रक्तदान शिविर भी आयोजित किए जाते है, जिससे जरूरतमंद लोगों की मदद की जाती है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मानवता को जीवित रखना विश्व रेडक्रॉस-डे का थीम है। संस्था की ओर से लोगों को प्राथमिक उपचार के बारे में जागरूक किया गया। रेडक्रास से ओमप्रकाश गांधी व विजय शर्मा ने प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण की जानकारी। उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा में चोटों का मूल्यांकन, सांस लेने में मदद करना, रक्तस्राव रोकना और सीपीआर विधि से अवगत कराया।

## प्लाट के नाम पर लाखों ठगने का छह साल से फरार आरोपी पकड़ा

- आरोपी विवेक पर चेक बाउंस के 6 मामले भी चल रहे है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली



रेवाड़ी। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

सीआईए कोसली ने गांव लुखी निवासी एक महिला व उसके पति को प्लाट बेचने का झांसा देकर 24.94 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में 6 साल से फरार एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव खड़गवास निवासी विवेक कुमार के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी विवेक पर चेक बाउंस के 6 मामले भी चल रहे है। चेक बाउंस के मामलों में अदालत द्वारा आरोपी को पीओ घोषित किया गया है। मामलों में आरोपी के खिलाफ थाना मॉडल टाउन व रामपुरा में अलग से 6 अभियोग भी दर्ज किए गए थे। इन मामलों में भी पुलिस को आरोपी की तलाश थी।

गांव लुखी निवासी एक महिला सुशीला देवी ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसके पति शिक्षा विभाग से मुख्य अध्यापक के पद से अप्रैल 2016 में सेवानिवृत्त हुए थे। उनके गांव के चंद्रकांत का उसके पति के पास अच्छा आना जाना था। चंद्रकांत ने उसके पति के साथ रेवाड़ी में प्लाट दिलाने के लिए बातचीत की थी। इसके बाद उसने विवेक निवासी गांव खड़गवास के साथ उनकी बातचीत कराकर रेवाड़ी के रामगढ़ रोड पर एक प्लाट 215 वर्ग गज का दिखाया दिया था। विवेक ने 30 अप्रैल 2016 को प्लाट की कीमत 11600 रुपए प्रति वर्ग गज के हिसाब से कुल 24.94 लाख रुपए कुल रकबा 215 वर्ग गज की कीमत वसूल कर एक इकरारनामा किया था। उन्होंने कुल रकम 24.94 लाख रुपए चंद्रकांत के जरिए विवेक को दिए थे। विवेक ने उनके हक में ना तो उक्त प्लाट की रजिस्ट्री कराई और न ही उनके रुपए वापस दिए।

चंद्रकांत व विवेक मिलकर उनके साथ धोखाधड़ी की तथा प्लाट का मालिक न होते हुए भी विवेक ने उनसे फर्जी व झूठा इकरारनामा किया था। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी चंद्रकांत को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। सीआईए कोसली ने बुधवार को मामले में संलिप्त आरोपी विवेक कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया है।

# आईजीयू कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

## ग्रीष्मकालीन परीक्षाओं के निष्पक्ष आयोजन के लिए कॉलेज प्रिंसिपल्स और विभागाध्यक्षों की बैठक आयोजित

- गर्मी के मौसम को देखते हुए परीक्षा केंद्रों पर पानी की उचित व्यवस्था करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी ने विश्वविद्यालय एवं विभिन्न कॉलेजों में चल रही ग्रीष्मकालीन परीक्षाओं के निष्पक्ष आयोजन के लिए सभी कॉलेज प्रिंसिपल्स और विभागाध्यक्षों के साथ मीटिंग करके आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं का आयोजन केवल एक औपचारिकता और डिग्री बांटने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इनका आयोजन निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से करके विद्यार्थियों को अपनी क्षमता दिखाने के लिए समान अवसर मिलना चाहिए, तभी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों के रोजगार का सृजनकर्ता बनाने का उद्देश्य पूरा हो सकेगा।



रेवाड़ी। मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय तथा इनसेट में कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी। फोटो : हरिभूमि

कुलपति प्रो. धर्माणी ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में उपलब्ध कराए गए प्रश्न पत्र स्ट्रांग रूम में रखे जाएंगे, जिसमें टू लेयर सिक्योरिटी होगी। परीक्षा होने के उपरांत उत्तर पुस्तिकाएं उसी दिन निर्धारित केंद्र में जमा करानी होंगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की तलाशी ली जाए और उनके सामान को रखने की व्यवस्था होनी चाहिए। गर्मी के मौसम को देखते हुए परीक्षा केंद्रों पर पानी की उचित व्यवस्था करें। विश्वविद्यालय की ओर से गठित फ्लाइंग स्क्वॉयड टीम सदस्य अपनी रोज की गतिविधियों की रिपोर्ट परीक्षा नियंत्रक के पास भेजेंगे। परीक्षा केंद्रों में नियुक्त किए गए टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ की सूची भी परीक्षा नियंत्रक के पास भेजनी होगी। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

मीटिंग में कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह, अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर विजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डा. विपुल यादव, डीन ऑफ कॉलेज प्रोफेसर तेज सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर करण सिंह व डायरेक्टर स्पोर्ट्स प्रोफेसर अदिति शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अध्यक्ष एवं महाविद्यालयों के प्रिंसिपल्स उपस्थित थे।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर कॉलेज में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

अहीर महाविद्यालय में वीरवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या डा. उर्मिला शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि विश्व रेडक्रॉस दिवस पूरी दुनिया में हर साल 8 मई को रेडक्रॉस सोसायटी के संस्थापक हेनरी डुनांट के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया जाता है।

यह दिन मानवता, करुणा और सेवा की भावना को समर्पित है। यूथ रेडक्रॉस इंचार्ज प्रो. रेनू यादव ने ग्लोबल वार्मिंग व बढ़ते हुए पर्यावरण प्रदूषण के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। उन्होंने आज के चुनौतिपूर्ण समय में आपसी सहयोग व सहानुभूति के द्वारा मानवता को जीवित रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर डा. संगीता राव, प्रो. मीनाक्षी गोयल, डा. मीनाक्षी यादव, प्रो. अल्पना यादव, अजय कुमार, विकास यादव व कुलदीप यादव सहित सभी स्टॉफ सदस्य मौजूद थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### कर्मचारी से मोबाइल छीनने का आरोपी काबू



बावल। बावल थाना पुलिस ने कंपनी कर्मचारी से मोबाइल फोन छीनने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला अलवर के गांव गुर्जरीवास निवासी दीपक उर्फ निक्की के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छीना हुआ मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। राजस्थान के सवाई माधोपुर हाल आबाद नजदीक माता मंदिर रेलवे फाटक बावल निवासी पिंटू गत 23 मार्च को रात्रि के समय बावल यूनिवर्सिटी के सामने से पैदल अपनी कंपनी में ड्यूटी के लिए जा रहा था। इसी दौरान एक बाइक पर तीन युवक आए और उसका मोबाइल फोन छीनकर भाग गए। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी राजस्थान दीपक उर्फ निक्की को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

# थैलेसीमिया के मरीजों को बेहतर इलाज के लिए मुफ्त सुविधाएं दे रही सरकारः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा की ओर से प्रदेश को थैलेसीमिया मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है। सरकार थैलेसीमिया के मरीजों को बेहतर इलाज के लिए मुफ्त सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। विश्व थैलेसीमिया दिवस के उपलक्ष्य में डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि थैलेसीमिया रोगियों को लाइसेंस प्राप्त सरकारी और निजी रक्त केंद्रों से रक्त यूनिट, गर्भवती महिलाओं के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट, मुफ्त एंबुलेंस सेवा, आयरन चेलेटिंग दवाएं, महिलाओं एवं उनके जीवनसाथी के लिए एचपीएलसी परीक्षण व पीजीआई चंडीगढ़ में प्रसव पूर्व निदान की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। उन्होंने बताया कि इन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए नागरिक हरियाणा का मूल निवासी और उसकी वार्षिक आय 3 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।



डीसी अभिषेक मीणा।

उन्होंने कहा कि यदि ऐसा कोई व्यक्ति, जिसकी आय 3 लाख से कम और वह थैलेसीमिया की बीमारी से जूझ रहा है तो उसके लिए सरकार की ओर से 3000 रुपए प्रतिमाह की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह वित्तीय सहायता आवेदक द्वारा किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत प्राप्त लाभ के अतिरिक्त है। उन्होंने बताया कि 12 वर्ष की आयु तक के थैलेसीमिया रोगियों के लिए बोन मैरो प्रत्यारोपण के लिए कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है। डीसी ने कहा कि समय पर थैलेसीमिया की जांच कराना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि शादी के पहले युवक-युवतियों, गर्भवती महिलाओं, 6-12 माह के बच्चे व थैलेसीमिया मरीज के सगे संबंधियों को थैलेसीमिया की जांच करानी चाहिए। नागरिक नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में अपने हीमोग्लोबिन की मुफ्त जांच करा सकते हैं।

### पाल्हावास में जुआ खेलते चार आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से ताश के पत्ते व 2950 रुपये बरामद किए

रेवाड़ी। रोहड़ाई थाना पुलिस ने जुआ खेलते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गांव पाल्हावास निवासी अश्वनी कुमार, राजबीर, सुरेश व रामसिंह के रूप में हुई है। गत 7 मई को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव पाल्हावास में वाल्मिकी मंदिर के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके सेआरोपियों को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से ताश के पत्ते व 2950 रुपये बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाला एक और आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली



सीआईए कोसली पुलिस ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला महेंद्रगढ़ के गांव मोडी निवासी संदीप के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 2 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली थी कि विकास निवासी गांव ढाणा जिला महेंद्रगढ़ के पास अवैध हथियार है तथा वह कंवाली से बेरली रोड पर नमन होटल के सामने खड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने मौके स आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर कब्जे से 1 देशी पिस्टल बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी विकास ने बताया कि उसे यह अवैध हथियार गांव बासदूधा निवासी गौरव ने उपलब्ध कराया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना जाटूसाना में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त दोनों आरोपी विकास व गौरव को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी संदीप को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य के लिए 15 तक होंगे आवेदन

रेवाड़ी। हरियाणा परिवहन विभाग की जिला सड़क सुरक्षा समिति का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें समिति के अध्यक्ष डीसी अभिषेक मीणा हैं। सड़क सुरक्षा को लेकर समिति की प्रतिमाह बैठक होती है। जिला परिवहन प्राधिकरण के सचिव एवं एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अधिसूचना के अनुसार जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित दो गैर सरकारी विशेषज्ञ-एजेंसी को सरकार द्वारा नामांकित किया जाना है, जो गैर सरकारी विशेषज्ञ-एजेंसी सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्य करने का अनुभव रखते है, वे अपना नाम, विवरण, शैक्षिक योग्यता सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों का वर्णन, अनुभव व इनसे संबंधित पूर्ण दस्तावेज आरटीए कार्यालय में 15 मई तक भेज सकते है।

सुनवाई — डीसी व एसपी ने अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ सुनी नागरिकों की शिकायतें

# गांवों के गंदे व बरसात में जमा होने वाले पानी की निकासी का उचित प्रबंध करें अधिकारीः उपायुक्त

- बिजली, पानी, पेंशन, भूमि रिकॉर्ड, सामाजिक सुरक्षा, पुलिस और अन्य विभागों से जुड़ी अनेक समस्याओं का समाधान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला प्रशासन की ओर से अब प्रत्येक सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर के माध्यम से लोगों की शिकायतों को सुनकर उनका समाधान किया जा रहा है। वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेन्द्र मीणा ने विभागीय अधिकारियों के साथ लोगों की शिकायतों का निवारण करते हुए राहत पहुंचाई। डीसी मीणा ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव कुंभावास की बीपीएल कॉलोनी के पास जोहड़ में गंदा पानी की शिकायत पर अधिकारियों को सामधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी गांवों के गंदे पानी की निकासी व बरसात में जमा होने वाले पानी की निकासी का उचित प्रबंध करें, ताकि आमजन को आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने एचएसवीपी विभाग के अधिकारियों को रेवाड़ी सेक्टर-18 स्थित पार्क में साफ-सफाई कराने व पार्क के चारों तरफ से अवैध कब्जे हटवाने के भी निर्देश दिए। डीसी अभिषेक ने कहा कि शिविर में अब तक बिजली, पानी, पेंशन, भूमि रिकॉर्ड, सामाजिक सुरक्षा, पुलिस और अन्य विभागों से जुड़ी अनेक समस्याओं का समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि एक ही छत के नीचे सभी विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में आम जनता की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। डीसी ने बताया कि आमजन की शिकायतों के निवारण के लिए जिला मुख्यालय सहित बावल व कोसली उपमंडल स्तर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने लोगों से समाधान शिविर का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर एडीसी अनुपमा अंजलि, एसडीएम सुरेंद्र सिंह, सीटीएम प्रीति रावत, डीएसपी विनोद शंकर, डीडीपीओ नरेंद्र सारवान व डीआरओ प्रदीप देशवाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।




रेवाड़ी। समाधान शिविर में समस्याएं सुनते डीसी, एसपी व अन्य अधिकारी।